सार फील्ड दौरे किए जाते हैं। जिला ग्रामीण विकास एजेंसी की शासी निकाय में अन्य लोगों के अलावा, स्थानीय विधायकों तथा सांसदों को भी शामिल किया जाता है। कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए शासी निकाय की सामान्यतः तिमाही बैठकें होती हैं।

राज्य स्तर पर कार्यक्रमों की निगरानी के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति गठित की गई है। राज्य स्तर पर मुख्यालय में कार्यक्रम की प्रभावी निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए परियोजना निर्धारण एवं निगरानी सैल का भी गठन किया गया है। केन्द्र स्तर पर मंत्रालय द्वारा आवधिक प्रगति रिपोर्टों, कार्यशालाओं, समीक्षा बैठकों और उसके अधिकारियों द्वारा फील्ड दौरों की सहायता कार्यक्रमों की निगरानी और समीक्षा करने के लिए एक सतत् प्रणाली तैयार की गई है।

समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करने और उनमें सुधार लाने हेतु उपाय करने के लिए कई प्रतिष्ठित अनुसंधान संगठनों को शामिल करके मंत्रालय द्वारा कार्यक्रमों का समवर्ती मूल्यांकन भी किया जाता है। समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के समवर्ती मूल्यांकन के तीन दौर पूरे हो गए हैं और चौथे दौर का फील्ड कार्य प्रगति पर है। जवाहर रोजगार योजना के पहले समवर्ती मूल्यांकन का फील्ड कार्य हाल ही में पूरा हुआ है और रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इसी प्रकार आवधिक रिपोर्टों तथा विवरणियों, फील्ड दौरों और समीक्षा बैठकों की सहायता विभिन्न स्तरों पर ग्रामीण विकास के अंतर्गत अन्य योजनाओं की भी निगरानी की जाती है।

गांवों में टूटी-फूटी सड़कों का पुनर्निर्माण किया जाना

1329. **श्री रामजी लाल** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गांवों में टूटी-फूटी सड़कों का पुनर्निर्माण करने संबंधी कोई विशेष योजना आरम्भ की है;

(ख) क्या सरकार इस योजना का क्रियान्वयन गांवों में लिंक रोड का निर्माण करने के लिए स्वीकृत की गई धनराशि के अलावा और धनराशि से करने का विचार रखती है; और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

(ग) क्या सरकार गांवों में पंचायत की जमीन पर जबरदस्ती किए गए कब्जों को हटाने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) ग्रामीण विकास मंत्रालय का गांवों में पंचायत की जमीन पर जबरदस्ती किए गए कब्जों को हटाने का कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि यह राज्य का विषय है।

हरियाणा के बड़े गांवों से पानी की निकासी के लिए योजनाएं

1330. **श्री रामजी लाल** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कुछ नई योजनाएं बनाई गई हैं तथा जवाहर रोजगार योजना के अधीन बड़े गांवों से पानी की निकासी के लिए राज्य सरकारों को और अधिक धन उपलब्ध कराया गया है,

(ख) यदि हां, तो इनका ब्यौरा क्या है और इन योजनाओं के अंतर्गत हरियाणा राज्य को कितनी राशि आवंटित की गई है, और

(ग) क्या जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत हरियाणा के विभिन्न गांवों में ये योजनाएं आरम्भ की गई हैं, यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान हिसार और कुरुक्षेत्र जिलों में इन योजनाओं के संबंध में ब्यौरा क्या है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) और (ख) जवाहर रोजगार योजना वर्ष 1989-90 से चल रही है। यद्यपि,